# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरुंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव सीहोर, 06 मार्च 2026


आर्थिक तंगी के कारण अब गरीब बच्चों को इंदौर या दिल्ली जैसे बड़े शहरों में नहीं जाना होगा, जन्मदिन पर शुरू की पहल

# शिवराज के जन्मदिवस पर निःशुल्क मामा कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ, प्रतिभावान छात्रों को मिलेगी बड़ी राहत

**जागरण, सीहोर।** क्षेत्र के शैक्षणिक और सामाजिक इतिहास में 5 मार्च का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर.उनके सेवाभावी संकल्पों को धरातल पर उतारते हुए। मामा कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रमाकांत भार्गव ने मामा कोचिंग क्लासेस सेवा और सहायता का संकल्प हैं। उन्होनें कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो आर्थिक तंगी के कारण इंदौर या दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर सकते थे। अब अपने ही क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होनें शिवराज सिंह चौहान के जीवन दर्शन और उनके पाँच प्रण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिवराज का जीवन केवल राजनीति के लिए नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित है।विधायक ने बताया कि शिवराज जी अपने जन्मदिन को उत्सव के बजाय संकल्प के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की है। उन्होंने संकल्प लिया है कि वह प्रतिदिन एक पौधा लगाएंगे। इसी प्रेरणा से आज उनके जन्मदिवस पर पुष्पगुच्छ भेंट करने के स्थान पर पौधा रोपण किया गया। उनका यह संदेश है कि प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। कार्तिकेय सिंह चौहान कहा कि मामा कोचिंग क्लासेस उनके पिता शिवराज सिंह चौहान के उन सभी भांजे-भांजियों के लिए एक उपहार है, जो आँखों में बड़े सपने तो रखते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण पीछे रह जाते हैं। कार्तिकेय ने स्पष्ट किया कि इस कोचिंग के अंतर्गत विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग), कर्मचारी चयन मंडल, बैंकिंग और अन्य केंद्र व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की सघन और गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराई जाएगी। उन्होनें कहा कि शुरुआत में इस प्रकल्प के लिए 100 सीटों का निर्धारण किया गया है। इन सीटों पर पारदर्शी तरीके से मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें प्रवेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं बल्कि युवाओं को इतना सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है कि वह राष्ट्र निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे सकें। भैरूंदा के कृषक



संगोष्ठी भवन में आयोजित इस समारोह का वातावरण उत्साह और ऊर्जा से ओतप्रोत था। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ क्षेत्र के विधायक रमाकांत भार्गव, कार्तिकेय सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रघुनाथ भाटी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री जितेंद्र गोड़, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लखन यादव, वरिष्ठ नेता अमर सिंह पटेल, माखन सिंह पटेल, तुलसीराम, जिला उपाध्यक्ष ओम पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजेश पवार, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भूपेन्द्र पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजु अवध पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, जिला मंत्री अलका चौहान, जिला सलाहकार समिति सदस्य श्रीमती रचना भारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा मकवाना, मण्डल अध्यक्ष पंकज पवार, पवन मीणा, रमेश बारेला सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के जन्मदिन पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किए पौधे रोपित

भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि एंव कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मन्शानुरूप उनके जन्मदिन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा श्री चाहौन का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उनके जन्मदिन पर स्थानीय टाउन हॉल के पास शिव वाटिका में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की अध्यक्षता एंव पार्षदगणों की उपस्थिति में औषधीय एंव फल, फुलदार पौधे रोपित किये गये। इस मौके पर प्रिंस विकास राठौर ने श्री चौहान को हृदय से जन्मदिन की शुभकामनाऐं देते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री शिवाराज सिंह जी की मन्शानुरूप है कि उनके जन्मदिन पर पौधे रोपित किये जावे एवं केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। श्री शिवराज सिंह चौहान जी का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक के द्वारा प्रतिदिन एक पौधा लगाया जावे क्योंकि पर्यावरण की सेवा एक दिन का काम नहीं, बल्कि एक नियमित जीवनशैली होनी चाहिए। श्री राठौर ने आगे बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यदि



हम आज प्रकृति को संवारेंगे, तभी आने वाला कल सुरक्षित और हरा-भरा होगा। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हम प्रकृति के मालिक नहीं, बल्कि इसके संरक्षक हैं। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के पार्षदगण एवं वरिष्ठजनों में प्रमुख रूप से विजेन्द्र परमार, अजय पाल सिंह राजपूत, लोकेन्द्र वर्मा, प्रदीप बिजोरिया, नरेन्द्र राजपूत, प्रदीप गौतम सहित नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### राजस्व मंत्री ने बिलकिसगंज में किया पौधरोपण



राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने बियलकिसगंज के शासकीय सांदीपनी स्कूल में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवा?ा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बिलकिसगंज एवं झागरिया के ग्रामवासियों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। यदि किसी भी स्तर पर समस्या आती है, तो उसका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सेवाएं सदैव सक्रिय, सरल और लोगों के लिए सुलभ रहनी चाहिए। सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को समय पर राहत और सुविधाएं मिलें, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## न्यूज कार्नर

### पार्सल पिकअप एवं बुकिंग की सुविधा शुरू



**सीहोर।** सीहोर। नागरिकगणों की सुविधा को और सुलभ बनाने के लिये सीहोर प्रधान डाकघर में पार्सल पिकअप और बुकिंग सेवा प्रारम्भ की गई है। जिसका सीधा लाभ सीहोर शहर के आम जनों को होगा जो भारी मात्रा में पार्सल बाहर भेजते हैं । इस अवसर पर सीहोर प्रधान डाकघर स्तर पर पार्सल कस्टमर / बीएनपीएल कस्टमर और प्रधान डाकघर स्टाफ की मीटिंग ली गई। पोस्टमैन स्टाफ को अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले पार्सल कस्टमर से व्यवसाय प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नये ग्राहक नूरी क्रिएशन इंग्लिशपुरा सीहोर से 15 पार्सल एमइ द्वारा उनके संस्थान से प्राप्त किये गये द्य अवसर पर अधीक्षक डाकघर श्री एम एल मालवीय सहायक अधीक्षक डाकघर अश्वनी कुमार देशराज तथा पोस्टमास्टर सीहोर आनंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों के बनाए जा रहे दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के शून्य से 18 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा। इन शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा सभी संभावित दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जा रहा है और चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। इन स्थानों पर दिनांकवार लग रहे हैं शिविर कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार अभी तक जिले के अनेक स्थानों पर शिविर लग चुके हैं। इसी क्रम में अब 10 मार्च को बुधनी जनपद पंचायत सभाकक्ष में और 12 मार्च को शाहगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रातः 10 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के लिए संबंधित नगर पालिका सीएमओ और जनपद सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस में होंगी विभिन्न गतिविधियां

**सीहोर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 04 मार्च से आगामी 10 मार्च 2026 तक देशभर में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसकी शुरुआत 04 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में होगी। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान का शुभारंभ वर्ष 1972 में औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कार्यस्थलों एवं सार्वजनिक जीवन में सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था। वर्ष 2026 में यह महत्वपूर्ण अभियान अपने 55वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। समय के साथ यह पहल व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिये एक प्रभावी राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुकी है, वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में तकनीकी विस्तार एवं जटिल कार्य प्रक्रियाओं के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबंधन की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### महामंडलेश्वर का नौ दिवसीय कथा के लिए जन्मभूमि सीहोर जिले में आगमन



**सीहोर।** सन 1963 में सीहोर जिले के समीपस्थ ग्राम मगरखेड़ा में जन्म लेकर ( भगवान बापू ) ने विगत 45 वर्ष से अपनी आध्यात्मिक कर्मभूमि अवंतिका महाकाल की नगरी उज्जैनी को बनाया द्य श्री राम कथा के माध्यम विगत 32 वर्षों से सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया तथा सन्यास उपरांत पंचायती श्री निरंजनी अखाड़े में अनन्त श्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी भागवता नन्द गिरी के पद पर अभिषिक्त हुए उनका अपने जन्मभूमि के जिले में नव दिवसीय कथा हेतु प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय ग्राम वासियों एवं महावीर सामाजिक उत्थान कल्याण समिति चांदब ? जिला सीहोर के द्वारा नव दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन 5 से 13 मार्च तक दोपहर 12 से 3 बजे तक रखा गया है जिसकी भव्य कलश यात्रा 5 मार्च को प्रातः 11 बजे गौशाला से प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुंचेगी तत्पश्चात कथा का मंगल प्रारंभ होगा उक्त जानकारी श्रीमहावीर सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच मोर सींग मेवा ?ा व सचिव हेमराज सिंह गौर के द्वारा दी गई।

### पर्याप्त मात्रा में है पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी

**सीहोर।** पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यह जानकारी ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी द्वारा गुरुवार को मंत्रालय में की गयी पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान दी। ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान खपत को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। ऑयल कम्पनियों को जिलावार अपने फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी को संभागायुक्त एवं कलेक्टर से सम्पर्क करने तथा नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध की।

## अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे किसान पंजीयन केंद्र

**जागरण, सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च है। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुल रहे हैं, ताकि सभी पात्र किसान अपना पंजीयन करा सकें। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी /बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं




सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस श्रेणी के किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों एवं सहकारी संस्थाओं को पंजीयन कार्य में सहयोग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

## सादगी से मनाया होली का पर्व, गमी वाले परिवारों में गुलाल लगाने पहुंचे लोग

**जागरण, सीहोर।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली इस वर्ष सादगी, परंपरा और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के विभिन्न मोहल्लों और गलियों में होली का उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सद्भाव तथा आपसी सौहार्द का संदेश दिया। होली के दिन सुबह से ही लोगों का एक-दूसरे के घर आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। मित्र, रिश्तेदार और परिचित एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई देते नजर आए। कई स्थानों पर युवाओं ने ढोल और गीत-संगीत के साथ होली का आनंद लिया, जबकि बुजुर्गों ने भी परंपरागत तरीके से एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।नगर के कई ऐसे परिवार भी रहे जहां किसी सदस्य के निधन के कारण गमी का माहौल है। ऐसे परिवारों में भी समाज और मोहल्ले के लोग संवेदना व्यक्त करने पहुंचे और परंपरा के अनुसार प्रतीकात्मक रूप से गुलाल लगाकर उन्हें होली की



शुभकामनाएं दीं। लोगों ने सादगी के साथ त्योहार मनाते हुए सामाजिक एकता और संवेदनशीलता का परिचय दिया।वहीं बच्चों में होली को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। बच्चे रंग-बिरंगी पिचकारियों और पानी के गुब्बारों के साथ दिनभर होली खेलते नजर आए। गलियों और मोहल्लों में बच्चों की टोलियां रंग और पानी के साथ मस्ती करती दिखाई दीं। कई बच्चों ने कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियों के साथ अपने दोस्तों के साथ जमकर होली खेली।बाजारों में भी होली के चलते सुबह से चहल-पहल बनी रही। लोग रंग, गुलाल, पिचकारी और मिठाइयों की खरीदारी करते दिखाई दिए। मिठाई की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। कई परिवारों ने घरों में विशेष पकवान बनाकर अपने परिजनों और मेहमानों का स्वागत किया।

### अनियंत्रित होकर पलटा वाहन, फैला ऑइल

**सीहोर।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। तेज गति से दौड़ते वाहन आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसमें किसी की जान जा रही है तो किसी को अस्पताल का मुंह देखना पड़ता है। सोमवार रात फिर आष्टा के दुपाड़िया जोड़ के पास ऑइल डिब्बों से भरा ट्रक पलट गया। इससे डिब्बे और उनमें भरा ऑइल फैलकर सडक़ पर आ गया। ऑइल से फिसलन बढऩे के कारण आवाजाही करने वालों को परेशानी हुई। जानकारी के अनुसार इंदौर से भोपाल की तरफ एक ट्रक ऑइल डिब्बे भरकर जा रहा था। दुपाड़िया जोड़ के पास चालक से अनबेलैंस होकर पलट गया। ट्रक इस तरह से पलटा कि डिब्बे और उनमें भरा ऑइल सडक़ पर आ गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन फिसलन बढऩे से दो पहिया वाहन चालकों को ज्यादा तकलीफ हुई। कई वाहन चालक गिरते हुए बचे।

पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में निकला जुलूस बन गया आस्था, परंपरा और उल्लास का अद्भुत संगम

# महादेव की होली : अद्भुत नजारा, फूलों-गुलाल और रंग के साथ शिवभक्ति में डूबा शहर

**जागरण, सीहोर।** सीहोर की पावन धरती पर होली के दूसरे दिन महादेव की होली का भव्य और भावनात्मक आयोजन हुआ। देशभर से आए हजारों श्रद्धालु फूलों और गुलाल की वर्षा के बीच शिवभक्ति में झूम उठे। पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में निकला जुलूस आस्था, परंपरा और उल्लास का अद्भुत संगम बन गया। सीहोर में महादेव की होली का पर्व इस बार भी भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। काशी, मथुरा और बरसाने की तर्ज पर आयोजित इस अनूठे उत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शहर की गलियां और चौराहे अबीर-गुलाल के रंगों से सराबोर दिखाई दिए। भक्त ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए महादेव के जयकारे लगाते रहे। फूलों की खुशबू और गुलाल के रंगों ने पूरे वातावरण को ऐसा भक्तिमय बना दिया कि हर व्यक्ति खुद को शिव भक्ति के रंग में रंगा हुआ महसूस करने लगा।



### चमत्कारेश्वर से मनकामेश्वर तक निकली आस्था की यात्रा

महादेव की होली का भव्य जुलूस चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच भगवान शिव की आराधना के साथ यह कारवां शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मनकामेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचा। पूरे रास्ते भक्त नाचते-गाते और एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाते रहे। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और अंत में महाआरती के साथ इस यात्रा का समापन हुआ। शहर का हर कोना महादेव के जयकारों से गूंज उठा।



### गुलाल के बादलों और फूलों की वर्षा ने रचा अद्भुत दृश्य

इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। आधुनिक मशीनों के माध्यम से गुलाल और अबीर को हवा में उड़ाया गया, जिससे आसमान रंगों से भर गया। हजारों किलो गुलाल और फूलों की वर्षा ने पूरे शहर को रंगीन बना दिया। महिलाएं और पुरुष दोनों ही इस उत्सव में पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। गुलाल से रंगे चेहरों और मुस्कुराते चेहरों के बीच ऐसा दृश्य बन गया, जिसने हर किसी के दिल को छू लिया।

### 7 मार्च को फूलों की होली



**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर स्थानीय बस स्टेण्ड पर 7 मार्च, शनिवार को सांय 6 बजे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में नगर के वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति नगर के गणमान्य नागरिक व मातृ शक्ति की गरिमामय उपस्थिति होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर फु लो की होली मनाने का आयोजन रखा गया है। इस पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने परिवार स्वरूप नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा है कि होली मिलन समारोह का वास्तविक उद्देश्य सामाजिक समरसता है।

### प्राचीन परंपरा को फिर मिला नया जीवन

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि महादेव की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आस्था और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में सीहोर में 108 शिवालयों में भक्त महादेव को जल और गुलाल अर्पित कर होली मनाते थे। उसी परंपरा को फिर से जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। आज सीहोर की महादेव होली देशभर में आस्था से मना रहे है।

## न्यूज कार्नर

### आज 1 घंटे की होगी बिजली कटौती

**जागरण, इटारसी।** शहर में मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यालय के द्वारा 11केवी मालवीयगंज, गांधी नगर, नाला मोहल्ला टेलीफोन एक्सचेंज सोना साबरी एवं बोर तलाई फीडर सब स्टेशन में डंपर सुधार का कार्य किया जाएगा इस दौरान आज 6 मार्च को 1 घंटे की बिजली कटौती की जाएगी जिसके चलते मेंटेनेंस कार्य के समय संबंधित क्षेत्र में विद्युत कटौती की जाएगी।

### अवैध शराब के साथ दो स्कूटी जब्त

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के अवैध शराब निर्माण विक्रय परिवहन संग्रहन के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविन्द सागर के मार्गदर्शन में आबकारी वृत औधोगिक क्षेत्र इटारसी में अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण एवं विनिर्माण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आबकारी टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो स्कूटी में 35 विदेशी मदिरा व्हिस्की एवं 40 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के अंतर्गत 2 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त मदिरा एवं वाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 28 हजार 950 रुपए बताई गई। कार्यवाही मे उपनिरीक्षक केके पडरिया, आरक्षक मदन रघुवंशी, दुर्गेश पठारिया का विशेष योगदान रहा। अवैध मदिरा के संबंध में लगातार सूचनाएं एकत्र करते हुए कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

### 2 अप्रैल को लॉटरी से मिलेगा प्रवेश

**जागरण, इटारसी।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा।

#### आदिवासी गोंड समाज लाडुई में प्रतिवर्ष करता है पूजा का आयोजन

# होली पर पड़ने वाली दूज के दिन होती है मेघनाथ की पूजा बुधवार को हजारों आदिवासियों ने की एक साथ पूजा



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** होली के दूसरे दिन यानी दूज पर आदिवासी गोड समाज के द्वारा वर्षों से चली आ रही एक परंपरा का निर्वहन किया जाता है। जिसमें सामाजिक जनों के द्वारा मेघनाथ को इष्ट देव मानकर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। क्षेत्र के ग्राम लाड ?ुई में इसी परंपरा के तहत चौक बाजार में पूजा अर्चना कर बलि चढ़ाई जाती है। इस दौरान एक मेले का आयोजन भी होता है जिसमें सभी सामाजिक बंधु बढ चढ ?र हिस्सा लेते हैं। परंतु इस वर्ष ग्रहण व सूतक काल के चलते यह परंपरा अगले दिन यानि की तीज को मनाई गई और एक साथ हजारों आदिवासियों ने मेघनाथ बाबा की पूजा अर्चना कर दूज व तीज के त्यौहार को मनाया। होली को रंगों का त्यौहार कहा जाता है। जिसे आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाता है। लेकिन इस त्यौहार से जुड़ी परम्पराएं आज भी समाज में विद्यमान है। मध्यप्रदेश के खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, झाबुआ अलीराजपुर, डिंडोरी के साथ सीहोर जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले गोंड आदिवासी समाज के बंधु बाबा मेघनाद को अपना देवता मानते है और उनकी पूजा करते हैं। भैरुंदा जनपद क्षेत्र के कई ग्राम मे अलग-अलग तिथियो में मेघनाद बाबा को प्रसन्न करने के लिए आदिवासी प्रतिवर्ष होली के बाद एक दिवसीय मेले का आयोजन करते हैं। ग्राम लाड ?ुई मे होली के दूसरे दिन दूज के मौके पर गौंड आदिवासियो द्वारा रावण के पुत्र मेघनाथ की पूजा की जाती हैं। हर वर्ष दूज के दिन मेघनाद बाबा को प्रसन्न करने के लिए मेले का आयोजन करते हैं। शानीवर को आसपास के दो दर्जन से भी अधिक ग्रामों के आदिवासी बंधु लाड ?ुई पहुंचे। जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**बलि प्रथा का आज भी समाज कर रहा निर्वहन**

समय के साथ समाज में बलि की प्रथाएं लगभग बंद हो चुकी है। लेकिन गोंड समाज के द्वारा आज भी इस प्रथा का निर्वहन बखूबी किया जा रहा है। मेघबाबा को प्रसन्न करने के लिए मुर्गे या बकरे की बलि चढ़ाई जाती है। जानकारी के मुताबिक पहले तो पूजा के दौरान ही बलि दी जाती थी। लेकिन अव गांव में प्रतिकात्मक रूप से पशु को लाया जता है और पूजा अर्चना के बाद उसे अन्य स्थान पर ले जाकर बलि दी जाती है। ग्रामीण रवि बारीवा, हरदेव पुजारी, सुरेश करोपे, धर्मेन्द्र करोपे, भगवत भल्लावी बताते है कि गोंड समाज के द्वारा रावण पुत्र मेघनाथ को देवता के रूप में पूजा जाता है। जहां मेले के दौरान कई आयोजन भी किए जाते है। धुरेड़ी की रात को भजन का आयोजन होता है तो प्रातः दूज के दिन मेले का आयोजन किया जाता है।

**तीन लकडियों से बनी मचान की करते हैं पूजा**

जनजातीय बहुल ग्रामो में अलग-अलग तिथियो मे गौंड समाज के देव मेघनाथ बाबा के मेले का आयोजन किया जाता है। जहां आसपास के ग्रामों से आए श्रद्धालुओं तीन लकडियों से बनी मचान (मेघनाथ बाबा के प्रतीक) के नीचे पूजा अर्चना करते हैं। आदिवासियों का मानना है कि उनके पूर्वजो द्वारा चली आ रही इस परंपरानुसार से घर मे दुख परेशानी आने पर मनोकामना की जाती है। शनिवार को तीन मचान पर बनी बाबा मेघनाथ की पूजा अर्चना करने के बाद आदिवासी पुरुष एवं महिलाओं के द्वारा परिवार सहित मन्नत मांगी गई।

**जत्रा में पहुंचे ग्रामीण, बच्चों ने उठाया लुफ्त**

ग्राम में आयोजित जत्रा में हजारों ग्रामीणों की भीड़ अपने बच्चों के साथ पहुंची। इस दौरान खेल-खिलौना, झूला, बांसुरी, मिठाइयो की दुकान पर पहुंच कर मेले का लुफ्त उठाया। दोपहर से लेकर देर रात तक मेला चला। मेले को देखते हुए पुलिस के द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा का संदेश देकर मनाया जन्मदिन



**जागरण बुधनी।** केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन के अवसर पर 5 मार्च को बुधनी नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गएकेंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन के अवसर पर समाज और जनसेवा से जुड़े पांच संकल्प लिएआपको बता दें कि शिवराज सिंह चौहान ने इस बार अपने जन्मदिन पर स्वागत-सत्कार की पारंपरिक शैली में बदलाव करने का निर्णय लिया । उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे अब अपने स्वागत में माला, शॉल, गुलदस्ते और महंगे उपहार स्वीकार नहीं करेंगे। इसके स्थान पर उन्होंने लोगों से पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की बात कही थीइसी क्रम में नगर व क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नागरिकों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत विधायक रमाकांत भार्गव द्वारा पौधारोपण कर की गई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान छायादार एवं फलदार प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र में हरियाली बढ़ सके और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिल सके।इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जीवन जनसेवा और विकास कार्यों के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ता सेवा दिवस के रूप में मनाते हैं और समाज हित के कार्यों के माध्यम से उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम भी इसी भावना का प्रतीक है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। लगातार बढ़ते प्रदूषण और पेड़ों की कटाई के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है।

### शोक संतप्त परिवारों के बीच पहुंचे क्षेत्रवासी

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** क्षेत्र की परम्परानुसान नगर व क्षेत्रवासी शोक संतृप्त परिवारों के बीच पहुंचे और दिवंगतो को अपनी श्रृद्धांजली देते हुए गुलाल डाली। यह परम्परा नगर में वर्षो से चली आ रही है। क्षेत्र में होली के मौके पर अधिकांश ग्रामीण दिवंगत परिवारों के बीच पहुंचते है। इसके अलावा गांधी चौक छोटा बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर में फाग उत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया। लगभग एक सप्ताह से भी अधिक समय तक अलग-अलग गांव में मेले का आयोजन सम्पन्न होता है। जिसमें संपूर्ण क्षेत्रवासी विशेषकर ग्रामीण परिवेश के लोग पहुंचकर उत्साह के साथ आनंद लेते है।

### कावेरी स्टेट में मना होली का पर्व

जागरण, इटारसी। कावेरी स्टेट में होलीका दहन धुलेंडी का पर्व धार्मिक परम्परा, श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। बुरा न मानो होली है के जयघोष के साथ प्रांगण में ही रंग गुलाल और रंगों की बौछार शुरू हो गई, जो अभी तक जारी रही। इस अवसर पर कावेरी महिला मंडल की सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल, उड़ाकर संगीत पर नृत्य किया।

# चंद्र ग्रहण के बाद दूसरे दिन रंगों की मस्ती में डूबा शहर व ग्रामीण क्षेत्र, उड़ा रंग व गुलाल



**भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** वर्षों बाद बने खगोलीय संयोग के कारण इस बार रंगों का त्यौहार होली दो अलग-अलग स्वरूपों में देखने को मिली। सूर्य ग्रहण की उपस्थिति के चलते पहले दिन जहां सूतक काल और ग्रहण की मर्यादाओं का पालन किया गया, वहीं दूसरे दिन ग्रहण का प्रभाव समाप्त होते ही पूरे नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धुलेंड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही गलियों और मोहल्लों में हुड़दंगियों की टोलियां निकल पड़ीं और देखते ही देखते फिजाओं में रंगों का गुबार छा गया और लोगों ने उत्साह के साथ एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। इस दौरान त्यौहार का रंग हर जगह अलग और निराला दिखाई दिया। कहीं फाग के गीतों के बीच केवल सूखे गुलाल से शालीनता पूर्वक होली खेली गई, तो कहीं पानी की बौछारों और पक्के रंगों के बीच युवाओं की टोलियां मस्ती में झूमती नजर आईं। ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोकगीतों का दौर चला, वहीं शहरी क्षेत्रों में डीजे की धुन पर लोग थिरकते दिखाई दिए। बच्चों में पिचकारियों को लेकर भारी उत्साह रहा और उन्होंने छतों से आने-जाने वालों पर रंगीन पानी बरसाकर अपनी खुशी का इजहार किया। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच लोगों ने आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया। विशेष रूप से मंदिरों में भगवान के साथ होली खेलने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा, जहां फूलों और अबीर और गुलाल से वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रहण की वजह से एक दिन की देरी ने लोगों के उत्साह को कम करने के बजाय और बढ़ा दिया, जिससे इस बार की धुलेंडी काफी यादगार बन गई।







## विधायक एवं धारासिंह ने चौहान को भेंट किया पौधा, पेड़ लगाना पर्यावरण की सबसे बड़ी सेवा है : रायसिंह

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन पर विभिन्न स्थानों पर हुआ पौधारोपण







**जागरण, आष्टा।** संकल्प पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की पूर्ति करते हुए प्रदेश के गौरव पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्र कृषि कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन पर संपूर्ण प्रदेश सहित नगर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। जिस तरह जल हमारे जीवन में बहुत उपयोगी है, उसी प्रकार पेड़-पौधों की महत्ता भी है, क्योंकि यह हमें प्राण वायु प्रदान करते है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कृषि उपज मंडी के सामने स्थित पार्क में पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए।

ज्ञात रहे कि 5 मार्च को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का जन्मदिन रहता है और वह अपना जन्मदिन बिना केक, फ्लेक्स, पोस्टर को दरकिनार कर पर्यावरण को उपहार स्वरूप पौधारोपण कर मनाते है। इसी के चलते कृषि उपज मंडी के सामने स्थित पार्क में पौधारोपण किया गया, वहीं नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में ऋषभ विहार कॉलोनी में स्थित पार्क में भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रदेश के गौरव शिवराजसिंह चौहान को जन्मदिन की बधाई दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का मानना हैं कि जीवन काहर क्षण केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के लिए होना चाहिए। जीवन तभी सार्थक है, जब वह सेवा और सद्भाव के लिए जिया जाए। पेड़ लगाना पर्यावरण की सबसे बड़ी सेवा है, इसलिए आपस भी नगरवासियों से पेड़ कम से कम एक पौधा लगाने की अपील है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, पूर्व पार्षद रवि सोनी, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, कुशलपाल लाला, प्रहलाद वर्मा, मनोहर विश्वकर्मा, मनोहर रेकवाल, कैलाश बागवान सहित स्कूली विद्यार्थी मौजूद थे।

इसी प्रकार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एक दिन पूर्व भोपाल में मामा का घर पहुंच कर शिवराजसिंह चौहान को उनके जन्मदिन की अग्रिम बधाई देते हुए उनके सम्मान में पूर्व मुख्यमंत्री को एक पौधा भेंट किया एवं विधायक श्री इंजीनियर ने जन्मदिन पर पौधा लगाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल, तारा कटारिया, अतुल शर्मा, गिरजा कुशवाह, विजेंद्रसिंह ठाकुर, नरेंद्रसिंह ठाकुर, राधेश्याम दलपति, मनोहर पटेल, जयसिंह ठाकुर, तेजसिंह भाटी, कुमैरसिंह आदि मौजूद थें।

## एसपी शुक्ला ने जुलूस की निगरानी एवं ड्रोन फोटोग्राफी कराने के दिए निर्देश

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाने और चौकियों का निरीक्षण



**जागरण, आष्टा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने आष्टा अनुभाग के थानों एवं चौकियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना सिद्धीगंज, खाचरोद चौकी सहित थाना जावर क्षेत्र का भ्रमण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने अनुभाग के थाना एवं चौकी प्रभारियों को आगामी रंग पंचमी के जुलूस एवं गैर चल समारोह को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने बताया कि आयोजकों के साथ हुई चर्चा के अनुसार जुलूस मार्ग पर आवश्यक पुलिस बल तैनात किया जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए।

पुलिस अधीक्षक ने जुलूस की निगरानी एवं फोटोग्राफी ड्रोन कैमरे के माध्यम से कराए जाने तथा सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग में स्थित हाई राइज बिल्डिंगों पर भी पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त आगामी शीतला सप्तमी पर माता मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था लगाने तथा आगामी ईद पर्व के अवसर पर ईदगाह एवं अन्य मस्जिदों पर आवश्यक पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही सभी प्रमुख कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक के भ्रमण के दौरान एसडीओपी दामोदर गुप्ता, आष्टा टीआई गिरिश दुबे, सिद्धीगंज टीआई राजूसिंह बघेल, जावर टीआई हेमंत पांडे, उनि अशोक दुबे तथा अनुभाग के सभी थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी मौजूद थें।

# सीए बनने पर किया स्वागत



**जागरण, जावर।** नगर के वार्ड 5 निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष जैन के बेटे प्रथम जैन एवं अशोक लक्ष्यकर के बेटे राजलक्ष्कार के सीए बनने पर आज भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय अजमेरा ने उनके निवास पर पहुंचकर पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## महिला ने फांसी लगाकर किया जीवन समाप्त

**जागरण, आष्टा।** नगर के सेमनरी रोड़ स्थित एक आवास पर 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर अपना जीवन समाप्त कर लिया हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पीएम हेतु सिविल अस्पताल भेंजा। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम हरसपुर, हाल सेमनरी रोड़ आष्टा निवासी ममता पत्नि राकेश परमार ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपना जीवन समाप्त कर लिया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# मुनि भूतबलि सागर महाराज का द्वितीय समाधि दिवस गुरु स्मरण दिवस के रूप में मनाया

**जागरण, आष्टा।** नगर के दिगंबर जैन किला मंदिर में समाधि सम्राट मुनि श्री भूतबलि सागरजी महाराज का द्वितीय समाधि दिवस गुरुवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ गुरु स्मरण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु मौजूद थें।

कार्यक्रम मुनिश्री विश्वसूर्य सागर जी, मुनिश्री साध्य सागरजी महाराज एवं बाल ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी के सानिध्य में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरुदेव के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके तप, त्याग और साधना को स्मरण किया। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने कहा कि प्रातः काल की बेला में एक ऐसी आत्मा का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने इस पवित्र स्थान पर अनेक चातुर्मास एवं धर्म अनुष्ठान किए और अपनी आत्मा को त्यागा था। उन्होंने समाधि के माध्यम से पावन और पवन बनाया। उनके शिष्यों ने भी उनके पद चिंहों पर चलकर सिद्धालय की यात्रा पर गए। मुनिश्री साध्य सागरजी महाराज ने कहा कि दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में भगवान का अतिशय तो है ही, साथ ही गुरुदेव भूतबलि सागर मुनिराज का भी इस क्षेत्र पर महान उपकार रहा है। उन्होंने इसी पावन तीर्थ पर समता भाव से संलेखना लेकर समाधि मरण प्राप्त किया, जो इस स्थान की आध्यात्मिक महिमा को और भी बढ़ाता है। भूतबलि सागरजी ने मुझे मुनि बनने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने मुझसे पूछा था कि तुम अभी पढ़ते हो पढ़ाई कर लो, उसके बाद तुम निश्चित मुनि बनोगे। उत्कृष्ट समाधि सभी की भूतबलि सागर जी की तरह हो, यह मंगलकामना की। बाल ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी ने कहा कि जब भी होली खेलें तो पंच रंगों के साथ पंच गुरु की भावना के साथ खेलें। गुरुदेव भूतबलि सागर महाराज की इस पावन नगरी पर विशेष कृपा रही है। हम सभी अत्यंत पुण्यशाली हैं कि हमें भगवान महावीर स्वामी के शासन काल में जन्म लेने का अवसर मिला है और हम तीर्थंकरों की शरण में बैठकर उनके गुणों का गुणगान कर रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में पूर्व पार्षद डुमाने का निधन, केस दर्ज

**जागरण, आष्टा।** आष्टा-कन्नौद मार्ग पर स्थित कॉलोनी चौराहा के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पूर्व पार्षद मखमल डुमाने को टक्कर मार दी, जिसके परिणाम स्वरूप श्री डुमाने गंभीर रूप से घायल हो। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक ट्रक को लेकर भागने लगा, जिसकों पुलिस और युवकों ने कुछ की दूरी पर ही ट्रक एवं वाहन चालक को पकड़ लिया।

टीआई गिरिश दुबे ने बताया कि गुरूवार को दोपहर आष्टा-कन्नौद मार्ग पर स्थित कॉलोनी चौराहा के निकट कन्नौद की और से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पूर्व पार्षद मखमल डुमाने को टक्कर मार दी, जिसकों बाद पुलिस ने आष्टा निवासी 65 वर्षीय पूर्व पार्षद मखमल डुमाने पिता मछुलाल डुमाने को सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों श्री डुमाने को मृत घोषित कर दिया। टीआई गिरिश दुबे ने बताया कि आष्टा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। पूर्व पार्षद श्री डुमाने के निधन पर अनेक लोगो ने श्रद्धाजंलि अर्पित की हैं।

## नियम विरुद्ध संचालित वाहनों से 10000 रुपए शमन शुल्क वसूला

**जागरण शाजापुर।** परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर क्षेत्र में स्कूली वाहन दिल्ली स्मार्ट पब्लिक स्कूल, यात्री वाहन एवं अन्य वाहनों की सघन चेकिंग कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी रीना किराड़े ने बताया कि चेकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयू आदि चेक किए गए। इस दौरान नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर कार्रवाई में 3 वाहन को जप्त किया गया एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों से 10000 रुपए शमन शुल्क राशि वसूल की गई। चेकिंग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## डायल 112 की मुस्तैदी आई काम

**जागरण शाजापुर।** सड़क दुर्घटनाओं के दौरान समय पर मिलने वाली चिकित्सकीय मदद अक्सर जीवनदान साबित होती है। जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में डायल 112 की टीम की त्वरित कार्रवाई ने ऐसा ही एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। टीम की सतर्कता से एक भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को बिना समय गंवाए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसे सही समय पर उपचार मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनेरा थाना अंतर्गत ग्राम छतगांव-चौसला मार्ग पर एक व्यक्ति के सड़क दुर्घटना का शिकार होने की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित संज्ञान लिया और तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर एक युवक सड़क हादसे के कारण बुरी तरह से चोटिल अवस्था में मिला। घटनास्थल पर घायल व्यक्ति की शिनाख्त श्यामलाल, निवासी बड़ोद (जिला आगर) के रूप में हुई। हादसे में आई गंभीर चोटों के कारण उसकी स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई थी। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डायल 112 वाहन के पायलट संजीव सूर्यवंशी और आरक्षक अभिषेक गुप्ता ने तुरंत मोर्चा संभाला। दोनों जवानों ने बिना एक भी पल गंवाए घायल श्यामलाल को अत्यधिक सावधानी के साथ वाहन में शिफ्ट किया और प्राथमिक उपचार के लिए सीधे जिला अस्पताल शाजापुर लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज किया गया।

## सनकोटा के समीप सड़क हादसा

**जागरण शाजापुर।** लालघाटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ ही घंटों के अंतराल में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने यातायात को प्रभावित कर दिया। गनीमत यह रही कि इन हादसों में किसी की जान नहीं गई। दुर्घटनाएं वाहनों की तेज रफ्तार के कारण हुई।

# जिला अस्पताल में मरीज की मौत पर भारी हंगामा, लापरवाही का आरोप, काबू पाने के लिए बुलानी पड़ी पुलिस



**जागरण शाजापुर।** जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और डॉक्टरों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई हैं। एक मरीज की मौत के बाद महीनों तक न्याय के लिए भटक रहे परिजनों का सब्र आखिरकार गुरुवार को टूट गया। इंसाफ और कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर बवाल काटा। हालात इस कदर बिगड़ गए कि अस्पताल प्रबंधन को स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस बल की मदद लेनी पड़ी। जानकारी के अनुसार पूरा मामला बीते 11 दिसंबर 2025 को अस्पताल में इलाज के दौरान कमलेश जादमे नामक मरीज की हुई मौत से जुड़ा है। घटना के बाद से ही मृतक के परिजन लगातार मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी ढुलमुल रवैये से नाराज होकर परिवार ने गुरुवार को अस्पताल पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। परिजनों का सीधा आरोप है कि इलाज के दौरान कमलेश को दवा का हाई डोज दिया गया था, जिसके बाद किसी भी डॉक्टर या नर्सिंग स्टाफ ने उनकी देखभाल नहीं की। उनका कहना है कि इसी घोर लापरवाही और उचित चिकित्सकीय ध्यान न मिलने के कारण ही कमलेश की जान गई। दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने अस्पताल में जमकर नारेबाजी की और प्रबंधन पर अपना गुस्सा उतारा। परिवार के आक्रोश और बढ़ते हंगामे को देखकर अस्पताल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। अपनी तरफसे मामले को शांत कराने में विफल रहने पर प्रबंधन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इस घटना ने एक बार फिर जिला अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा की पोल खोल दी है। परिजन अब भी निष्पक्ष जांच और दोषी स्टाफपर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

## खमनोई की मौत के बाद की गई पोस्ट पर कमेंट्स को लेकर दो पक्षों में विवाद

**जागरण नलखेड़ा।** नगर में ईरान एवं इजरायल देश में चल रहे युद्ध को लेकर इंस्टाग्राम पर वायरस की गई पोस्ट पर आपत्तिजनक कॉमेंट्स को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक वर्ग विशेष के युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को नवीन विश्वकर्मा द्वारा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट वायरल की गई थी उसे पोस्ट में लिखा गया था कि पहलगाम हमले पर जो लोग चुप थे वह खमनोई के लिए आंसू बहा रहे हैं वह लोग कहते हैं कि हिंदू मुस्लिम भाजपा करती है। उस पोस्ट पर अयान पिता अली हुसैन द्वारा आपत्तिजनक गलत कमेंट से किए गए साथ ही पोस्ट को लेकर नवीन विश्वकर्मा को अयान द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने बताया कि उक्त पोस्ट एवं कमेंट्स को लेकर बुधवार की रात्रि 8रू00 के करीब अयान उसके घर के बाहर कार में बैठा था इस समय अज्जू माली एवं उसके साथ दो.तीन अन्य लोग थे जिन्होंने पत्थरों से मारपीट की तथा अज्जू मलिक के हाथ में पहने हुए कड़े से मेरे सिर में चोट आई अयान की मम्मी मोशीरा भी बचाने आई तो उक्त लोगों द्वारा मोशीरा बी के साथ भी मारपीट की गई जिससे दोनों मां बेटे घायल हो गए जिन्हें मेडिकल हेतु सिविल अस्पताल नलखेड़ा ले जाया गया। पुलिस द्वारा दोनों पक्ष की ओर से प्रकरण दर्ज किया गया है।

**शिमला मिर्च से भरा आईसर पलटा, जागरण शाजापुर।** पहले हादसे की राहत और बचाव का कार्य चल ही रहा था कि दोपहर लगभग 2 से 3 बजे के बीच इसी बायपास पर एक और हादसा हो गया। आगरा से मुंबई जा रहा लाल शिमला मिर्च से भरा एक आईसर ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में ट्रक चालक दिनेश को कोई चोट नहीं आई है।

# हिंदू नववर्ष पर शाजापुर में निकलेगी श्रीराम शोभा यात्रा



## नासिक ढोल और 21 शंखनाद से गूंजेगा शहर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**जागरण शाजापुर।** हिंदू नववर्ष पर शाजापुर शहर एक बार फिर भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक छटा में डूबने को तैयार है। आगामी 19 मार्च को शहर में 10वीं भव्य श्रीराम शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस बार की यात्रा आधुनिक शोर-शराबे से दूर, पूरी तरह से पारंपरिक रंग में रंगी होगी, जिसमें डीजे की तेज आवाज के बजाय नासिक ढोल की थाप और शंखों की मंगल ध्वनि सुनाई देगी। **भगवान गणेश को दिया प्रथम निमंत्रण**-आयोजन को लेकर समिति और श्रद्धालुओं की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। सुबह 10 बजे मंगलनाथ मंदिर स्थित भगवान श्रीगणेश को प्रथम निमंत्रण पत्र अर्पित कर इस महाआयोजन का विधिवत श्रीगणेश किया गया। इसके पश्चात मंदिर में निमंत्रण पत्र रखकर शहरवासियों को इस पावन यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का सिलसिला प्रारंभ कर दिया गया है। आयोजकों के अनुसार, विशाल शोभा यात्रा महूपुरा चौराहे से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। यात्रा में भगवान श्रीराम का भव्य और आकर्षक रथ, 21 शंखों से होने वाला सामूहिक शंखनाद और शिव-स्वरूप डमरू वादन, नासिक पैटर्न पर बजने वाले पारंपरिक ढोलों की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगा। वहीं यात्रा को पूरी तरह सांस्कृतिक और धार्मिक स्वरूप देने के लिए आयोजकों ने डीजे के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया है।

# चंदोनी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष, दो पक्षों में चलीं तलवारें, 10 लोग घायल



**जागरण शाजापुर।** जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चंदोनी में गुरुवार सुबह एक पुराना विवाद हिंसक हो गया। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और नौबत यहां तक आ गई कि दोनों तरफसे तलवारें निकल आईं। इस खूनी संघर्ष में दोनों गुटों के कुल 10 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की भनक लगते ही मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल पुलिस बल के साथ फौरन मौके पर पहुंचे और स्थिति को अपने नियंत्रण में लिया। पुलिस ने बिना समय गंवाए थाना मोबाइल वाहन और डायल 112 की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहन बड़ोदिया भिजवाया। घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में डायल 112 के पायलट जगदीश चंद्र सोनी का भी अहम सहयोग रहा। थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट की यह घटना किसी पुराने विवाद के चलते हुई है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे तक सभी 10 घायलों का मोहन बड़ोदिया सीएचसी में इलाज जारी था।

### घटना में ये 10 लोग हुए घायल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के एलकर सिंह (उम्र 50 वर्ष), आशु बाई (उम्र 55 वर्ष), प्रेम बाई (उम्र 50 वर्ष), सजन सिंह (उम्र 52 वर्ष), शिवपाल (उम्र 27 वर्ष), राजेंद्र सिंह (उम्र 22 वर्ष), धारप सिंह (उम्र 38 वर्ष), दरबार सिंह (उम्र 50 वर्ष), सीमा बाई (उम्र 40 वर्ष), अरविंद सिंह (उम्र 30 वर्ष) शामिल हैं।

## चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरण बेरछा।** करीब एक महीने पहले मैरिज गार्डन से चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले का बेरछा पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी गई बाइक बरामद करते हुए इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 07 फरवरी 2026 को फरियादी कमल परमार ने थाना बेरछा में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह लक्ष्मी मैरिज गार्डन में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बेरछा पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध किया था।

# युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले मे 63 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

**जागरण शाजापुर।** शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा गुरूवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी. के. एस. एन. गवर्मेंट कॉलेज शाजापुर में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 141 आवेदकों ने भाग लेकर साक्षात्कर दिया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम में आमंत्रित निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया, जिसमें पुष्कल एग्रो भोपाल, एम.के.सी. आयशर देवास, यशस्वी अकेडमी फॉर स्कील देवास, एलपीएल बी-एबल फाउंडेशन इन्दौर, विजेए एग्रो भोपाल, देविका सालूशन देवास, भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर आदि कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेकर 63 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शाजापुर द्वारा 14 आरसेटी शाजापुर द्वारा 21 आवेदको का स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 40 आवेदकों का हेल्थ चेकअप किया गया एवं श्रम विभाग द्वारा श्रम से सबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आवेदकों को कॅरियर काउंसिलिग के माध्यम से मनोवेज्ञानिक एंव विषय विशेषज्ञ के द्वारा केरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी एवं प्राचार्य आईटीआई राजाराम कटारिया, प्राचार्य एस. के तिवारी, स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ आर.सी. चौहान, बी.एल गुवाटिया, जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन बलवंत शितोले, मनोज जोशी, प्रो. मीनू गिडवानी, डॉ बी एल मालवीय, डॉ सुनील आडवानी, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र अशोक राठौर, पॉलिटेक्निक कॉलेज से अंकित शर्मा, श्रमअधिकारी आर.एस. प्रजापति, आरसेटी राजेश परमार, जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, स्वास्थ्य विभाग डॉ जितेन्द्र मोर्य, डॉ पंकज पाटीदार आदि मौजुद थें।

## न्यूज कार्नर

### स्वच्छता में सहयोग देने वाले होंगे सम्मानित

**देवास।** शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी सफाई मित्रों के साथ-साथ शहर के नागरिकों की भी है। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि शहर को स्वच्छ रखने के लिये जिन नागरिकों के द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है, उसकी निगम द्वारा सराहना करते हुए स्वच्छ वार्डों के साथ नगर निगम के उन नागरिकों को भी स्वच्छता चैंपियन से सम्मानित करेगा। स्वच्छता ग्राही द्वारा निगम के अमले के साथ तथा अपने रहवासी क्षेत्र में स्वच्छता के लिये किए गए प्रयास की स्टोरी निम्न बिंदुओं पर बना कर भेज सकते है जैसे स्वच्छता अभियान में भागीदारी, स्वच्छता विषय पर नागरिकों से संवाद, शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के प्रयास, पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग आदि जन जागरूकता अभियान में सहयोग किया हो तो अपनी एक स्टोरी बना कर मेल करें या वाट्सएप के माध्यम से 7999560750 पर भेज सकते है तथा स्वच्छता के संबंध में अन्य जानकारी के लिए विशाल जोशी से मो.न. 7999560750 पर संपर्क कर सकते हैं। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि निगम के स्वच्छता अमले के साथ शहर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग देवें।

### उषा बजाज का निधन



**सोनकच्छ।** माहेश्वरी समाज के स्व. रामनिवास बजाज परिवार की बहू एवं समाजसेवी घनश्याम बजाज के अनुज भाई विष्णु कांत बजाज की पत्नी श्रीमती उषा बजाज का बुधवार को निधन हो गया। श्रीमती बजाज अत्यंत ही मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव की महिला थी। गुरुवार को सोमवारिया स्थित निज निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें माहेश्वरी समाज सहित अन्य समाजजन शामिल हुए। श्मशान घाट पर उनकी आत्म शांति के लिए करतल ध्वनि के साथ 108 बार राम-राम शब्दों का सामूहिक रूप से उच्चारण किया गया। यहां आयोजित शोकसभा को नरेन्द्र छापरवाल, कृष्णपालसिंह बघेल, हुकमचंद्र अग्रवाल, दिलीप काबरा (उज्जैन), बाबूलाल परमार, जर्नादन सिंह सिकरवार, रमेश मेहता, अमरसिंह तंवर आदि ने संबोधित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि पुत्र सानिध्य बजाज ने दी। श्रीमती बजाज का उठावना शुक्रवार को दोपहर 4 बजे मंडी व्यापारी धर्मशाला पर होगा।

### कैलाशसिंह बैस का निधन



**देवास।** राजपूत समाज के वरिष्ठ स्व. मोतीसिंह बैस के पुत्र एवं सस्था राम राज के प्रमुख संजय सिंह बैस के पिता कैलाश सिंह बैस का दुखद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 मार्च को सुबह 10 बजे उनके मधुबन कालोनी चौधरी गार्डन के पीछे स्थित निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शार्ट सर्किट के कारण दुकान में लगी आग

**चापड़ा।** स्थानीय चापड़ा चौराहा स्थित मनमाने रेस्टोरेंट में बुधवार रात्रि 3 बजे कोल्ड्रिंग्स के फ्रिज में शार्ट सर्किट से आग लग गई। उसी समय डायल 112 के चालक और जवान सुरेन्द्र सिंह ने दुकान मालिक को कॉल करके बुलाया और राहुल, अतुल जैन, मुकेश पाटीदार, छोटू जैन, एस.आई. चौहान भी मौके पर पहुंच गए, सभी के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। अग्निकांड में दोनों फ्रिज पूरी तरह जल गए तथा उसमें रखा सामान भी नष्ट हो गया। वह तो समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा नुकसान हो जाता।

### नामदेव छीपा समाज ने निकाली गैर

देवास। संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज के जयकारें के साथ नामदेव छीपा समाज देवास द्वारा गैर निकाली गई। गैर में समाज महिला पुरुष, बुजुर्ग एवं युवा सम्मिलित हुए सभी ने शिक्षा विभाग देवास के सामने एकत्रित होकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद शोकाकुल परिवारों में जाकर रंग-गुलाल किया तथा शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देकर उन्हें आश्वस्त किया कि सुख दुख में समाज उनके साथ है।



# कलेक्टर-एसपी संग पुलिसकर्मियों ने जमकर उड़ाया रंग-गुलाल

## परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

**देवास।** पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को ड्यूटी के बाद होली का पर्व उत्साह के साथ मनाया। परेड ग्राउंड में आयोजित होली मिलन समारोह में अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और डीजे पर थिरके। होली मिलन समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदोरिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी ढोल और डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। उल्लेखनीय है कि होली के दौरान पुलिस विभाग ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद पुलिस ने यह होली मिलन समारोह आयोजित किया। गुरुवार सुबह से ही पुलिस विभाग के अधिकारियों और स्टाफ ने उत्साह के साथ रंगों का पर्व मनाया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सभी पुलिसकर्मियों को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। होली मिलन समारोह में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल सहित शहर के सभी थाना प्रभारी और अन्य पुलिस जवान भी मौजूद थे। उन्होंने भी एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

## सड़क दुर्घटना रोकने परिवहन विभाग का विशेष चैकिंग अभियान

# बसों में लगी एलईडी लाइट जब्त कर बनाए चालान



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान द्वारा दल के साथ देवास में वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। वाहनों की जांच के दौरान जिला परिवहन अधिकारी द्वारा देवास शहर से होकर संचालित हो रही यात्री बसों की विशेष जांच की गई, जिसमें यात्री बसों में एलईडी लाईट लगाकर संचालित होने से मोटरयान अधिनियम की धारा 108 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए 11 यात्री बसों पर चालानी कार्यवाही की गई तथा 6500 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। साथ ही एलईडी लाईट भी तत्काल मौके पर निकलवाई गई। वाहनों की जाँच में निर्धारित दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, पीयूसी, बीमा, लायसेंस इत्यादि की जॉच करते हुए एक यात्री बस जो निर्धारित स्टॉपेज पर न रूकते हुए मार्ग पर ही रूकी हुई थी, जिन पर भी चालानी कार्यवाही करते हुए 3 हजार रुपए का अर्थदण्ड किया गया। एक अन्य यात्री बस बगैर वैध दस्तावेजों के संचालित होते हुए जब्त की गई। जिस पर चालानी कार्यवाही करते हुए 6 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। इस प्रकार कुल 15 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई तथा 28 हजार 500 शमन शुल्क वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मौके पर यात्री बस के चालकों को सख्ती से निर्देशित किया गया कि वे अपनी-अपनी बसों का संचालन नियंत्रित गति से करें, सवारी बैठाने की होड़ में किसी भी दशा में तेज गति से वाहन नहीं चलावे तथा अपने निर्धारित स्टॉपेज पर ही वाहनों को खड़ा किया जावे। नियमों का पालन नहीं करते वाले वाहन एवं वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

### 10 मार्च से बैडमिंटन समर कैंप की शुरुआत

**देवास।** गोल्ड शटल फ्लाय बैडमिंटन एकेडमी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बैडमिंटन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह समर कैंप 10 मार्च से 31 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में खिलाड़ियों को बैडमिंटन में स्पोर्ट्स साइंस के महत्व को समझाते हुए वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

## सामूहिक विवाह को लेकर सर्व सेन समाज की बैठक संपन्न



**हाटपीपल्या।** सर्व सेन समाज द्वारा आयोजित 27 मार्च राम नवमी के अवसर पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समिति अध्यक्ष मुकेश वर्मा के निवास पर सर्व सेन समाज की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के सदस्य एवं अखिल भारतीय युवा सर्व सेन समाज प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर भाटिया ने समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक वि सम्मेलन में आपसी विवाद एवं नशा करके कोई भी समाज बधु नहीं आए। यह आपका अपना आयोजन है, इसमें किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं करें। साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में पांच-पांच व्यक्ति आयोजन में सहयोग करें। इस अवसर पर वरिष्ठ रामेश्वर परमार, संतोष परमार, पूर्व अध्यक्ष मुकेश परमार, सचिव देवानंद वर्मा, कोषाध्यक्ष महेश वर्मा, संजय वर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक में समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह योग्य बच्चों का पंजीयन करवाने वाले वर-वधु के पिता को पं. प्रदीप शर्मा द्वारा लग्न पत्रिका भेंट की। बैठक का संचालन संतोष वर्मा ने किया एवं आभार रमेश वर्मा ने माना।

## समाज को गतिशील बनाने के लिए एकजुट होना होगा : मेहता

### नागर चित्तौड़ा महाजन समाज मालवांचल समिति की बैठक पानीगांव में संपन्न



**सोनकच्छ।** समाज की बुनियाद को मजबूत करने और आने वाली पीढ़ियों को एक दिशा देने के उद्देश्य से श्री नागर चित्तौड़ा महाजन समाज मालवांचल समिति की कार्यकारिणी बैठक रविवार को ग्राम पानीगांव में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गोपाललाल मेहता ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी हुकमचंद्र अकोतिया व विशेष अतिथि के रूप में राजेन्द्र महाजन, राजेश गुप्ता, कमल गुप्ता आदि मंचासीन हुए। समाज के स्तंभ, वरिष्ठ एवं प्रेरणा स्त्रोत अतिथियों द्वारा भगवान श्रीनाथ जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पवन एवं देवेंद्र अकोतिया ने किया। बैठक में पहली बार महिलाओं ने भागीदारी कर समाज उत्थान के लिए सराहनीय सुझाव दिए। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर समिति सदस्य व अधिवक्ता कमल गुप्ता को सम्मानित किया। बैठक की संपूर्ण व्यवस्था मुख्य अतिथि अकोतिया द्वारा की गई, जो प्रशंसनीय थी। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अकोतिया ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। अध्यक्षीय भाषण में मेहता ने समाज में समरसता पर बल देते हुए कहा, आपसी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे का सम्मान करना ही स्वस्थ समाज की पहचान है। उन्होंने कहा समाज को अधिक गतिशील बनाने के लिए हमें एकजुट होना होगा। समाजसेवी गिरधर गुप्ता ने अगली बैठक ग्राम पीपरी में आयोजित करने की घोषणा की। इस अवसर पर इंदौर, उज्जैन, देवास, सोनकच्छ, बागली आदि स्थानों से आए समिति पदाधिकारी, सदस्य, समाज के अध्यक्षगण एवं आमंत्रित महिलाएं उपस्थित थी। बैठक का संचालन भूपेंद्र गुप्ता ने किया एवं आभार देवेंद्र अकोतिया ने माना।

#### प्रमुख निर्णय लिए गए

बैठक में अन्य विषयों पर चर्चाओं के साथ मुख्य रूप से समिति के रजिस्ट्रेशन एवं सामाजिक रीति-रिवाजों पर प्रस्तावित सुझावों पर विचार विमर्श हुआ। समाज बंधुओं की जनगणना के लिए बनाए मोबाइल एप को समाज को समर्पित किया। समिति के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए पांच अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगार सेतु समिति बनाई गई, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ना एवं उनके भविष्य को संवारना है। वर्ष 2025-26 एवं 26-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया एवं समाज में बढ़ रही फिजूलखर्ची और असंस्कारित कार्यक्रमों पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की हिदायत, नहीं तो होगी कार्रवाई



**सोनकच्छ।** नगर के एमजी रोड स्थित नवनिर्मित तहसील कार्यालय के पास अवैध रूप से लगाई गई गुमटियों से आमजन को हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को तहसीलदार संजय गर्ग ने मौका निरीक्षण कर अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से रास्ता खाली करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एमजी रोड से रजिस्ट्रार, कृषि कार्यालय एवं लोक सेवा केंद्र तक जाने वाले मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा गुमटियां रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इससे यह रास्ता संकरा हो गया है और कार्यालयों में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय दुकानदारों और नागरिकों की लिखित शिकायत पर तहसीलदार गर्ग राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पटवारी आशुतोष व्यास के साथ अतिक्रमणकारियों से बातचीत कर उन्हें समझाईश दी कि वे स्वयं गुमटियां हटा लें, अन्यथा प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में होने वाली पूरी कार्रवाई की जिम्मेदारी अतिक्रमणकारी की होगी।

**शिकायत पर** गुरुवार को मौका निरीक्षण कर गुमटी मालिकों से चर्चा की गई है। उन्हें स्वेच्छा से गुमटियां हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा वैधानिक कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जाएगा, जिसकी पूरी जवाबदारी अतिक्रमणकर्ता की होगी।

**संजय गर्ग**
**तहसीलदार, सोनकच्छ**

## ग्राम घिचलाय में धुलेंड़ी पर गल देवता को घूमाया



**पीपलरावां।** होली की पड़वा पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम घिचलाय के हताई चौक में महिलाओं ने गल महाराज की पूजा-अर्चना की गई। इस वर्ष चंद्रग्रहण के चलते उक्त आयोजन शाम 7 बजे बाद किया गया। सुबह गांव में गैर निकालने के बाद पारंपरिक भेरूड़ा खेल का आयोजन किया गया। पंडा को हल्दी कुमकुम लगाकर दूल्हा बनाकर गांव में जुलूस निकाला। इसके बाद 21 फीट ऊंचे गल महाराज के पोल पर पंडा जी को लकड़ी की बल्ली से बांधकर पांच चक्कर लगाए गए। वसूली पटेल रामप्रसादजी ने गल महाराज का पूजन कर पंडाजी को साफा बांधकर दक्षिणा व वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिसर में लगे एक दिवसीय मेले में लोगों ने जलेबी का आनंद लिया। इंदरसिंह धाकड़ ने बताया कि गांव की सुख, शांति व समृद्धि की कामना से आयोजित इस धार्मिक कार्य के 100 वर्ष से भी अधिक हो गए है। उदयसिंह पटेल, रामेश्वर पटेल, केशरसिंह पटेल, प्रहलाद सिंह धाकड़, अंतरसिंह ग्राम सेवक, रामसिंह नागर, बोंदर सिंह, पूर्व सरपंच महिपाल सिंह, हेम सिंह सेठ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ब्लॉक स्वास्थ्य समिति खातेगांव की समीक्षा बैठक संपन्न

**खातेगांव।** गत दिवस ब्लॉक स्वास्थ्य समिति खातेगांव की समीक्षा बैठक आज समिति अध्यक्ष वीरेंद्र गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पटरानी, रीछी, मेलपिपल्या, करोंद माफी एवं मनोरा ग्राम की स्वास्थ्य समिति की स्थिति पर तैयार की गई मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। यह रिपोर्ट दिसम्बर 2025 में किए गए अध्ययन पर आधारित है, जिसमें पांचों गांवों की समिति के कुल 32 पदाधिकारियों से साक्षात्कार किया गया था। रिपोर्ट में सामने आया कि पंचायत चुनाव 2023 के बाद इन ग्रामों में समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है, वर्तमान समितियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है तथा सदस्य संख्या एवं प्रतिनिधित्व भी पंचायत राज अधिनियम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 से 2025 तक समितियों को अनटाईड फंड प्राप्त नहीं हुआ, जिसके कारण ग्राम स्वास्थ्य योजना, स्वास्थ्य मेला, फॉगिंग तथा अन्य स्वास्थ्य गतिविधियां संचालित होने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही पिछले तीन वर्षों में किसी भी समिति द्वारा ग्राम स्वास्थ्य योजना तैयार नहीं की गई और न ही किसी पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। रिपोर्ट की सिफारिशों पर विचार करते हुए ब्लॉक स्वास्थ्य समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 15 मार्च 2026 तक पांचों ग्राम पंचायतों मे नवीन ग्राम सभा स्वास्थ्य ग्राम तदर्थ समिति का गठन किया जाएगा तथा नवगठित समिति के सदस्यों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही समितियों को सक्रिय कर ग्राम स्वास्थ्य योजनाओं के निर्माण और स्वास्थ्य गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष मनीष पटेल, जिला स्वास्थ्य समिति सदस्य श्रीमती प्रीति रोहित बडवाला, खण्ड पंचायत अधिकारी रेवाराम राजोरिया, तुषार गुप्ता विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के बीसीएम, संबंधित सीएचओ, पांचों ग्राम पंचायतों के सचिव एवं अध्ययनकर्ता अजय पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### क्रिकेट स्पर्धा संपन्न

**सोनकच्छ।** होली के एक दिन पूर्व सोमवार रात्रि को बजरंग चौराहा मित्र मंडल द्वारा बजरंग चौक पर शहीद सरदार भगतसिंह ट्राफी एक दिवसीय सिक्स विकेट रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए गब्बर-11 ने 4 ओवर में 30 रन बनाए, बदले में बिना कोई विकेट खोए रज्जी-11 11 ने चौथे ओवर की पहली गेंद पर जीत दर्ज कर टूर्नामेंट जीता। अंडर 16 में सोनकच्छ वारियर्स विजेता रही। जबकि द किंग-11 उपविजेता रही।



## रंगनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**देवास।** श्री रंगनाथ राधा कृष्ण मंदिर की 24 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर चाणक्यपुरी में 5 से 11 मार्च तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा। गुरुवार को कथा से पूर्व मंदिर से गणेश मंदिर राजाराम नगर तक कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे, बग्गी के साथ निकाली गई कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। धर्मप्रेमियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा शुभारंभ अवसर पर भागवताचार्य गोपाल गुरुजी जलोदिया वाले ने श्रीमद् भागवत महातम्य का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी।

### विश्व श्रवण दिवस आज मनाया जाएगा

**दमोह।** आज 6 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल डीईआईसी में समस्त श्रवण रोग से पीड़ित रोगियों की जाचं की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अठ्या ने बताया कि जिन भी रोगियों को कम सुनाई देता हो, कान बेहता हो, कान का पर्द फटा हो या सुनने से संबंधित अन्य कोई समस्या हो तो वह इस शिविर में आकर अपनी निःशुल्क जांच करा सकते है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता पक्ष पेपूबाई पति प्रेमसिंह राजपूत निवासी ग्राम राजपुरा तहसील व जिला देवास के मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम राजपुरा पटवारी हलका नं. 47 तहसील व जिला देवास में स्थित है। जिसका सर्वे नं. 46 (5) रकबा 0.20 आरा (एक बीघा) को क्रय करने का सौदा करके आंशिक बयाना देकर मेरे पक्षकार ने अनुबंध किया है। यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर पारिवारिक वाद, विवाद, बंटवारा, कब्जा, रास्ते संबंधित विवाद, डिक्री, कुर्की, न्यायालय में लंबित हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष का बकाया हो तथा इस सम्पत्ति से संबंधित किसी अन्य व्यक्ति से विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया या अन्य कोई संव्यवहार हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का ई-पंजीयन अपने या अपने प्रतिनिधि के पक्ष में निष्पादित करवा लेवेंगे, उसके बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं उक्त सम्पत्ति पर प्रथम हक मेरे पक्षकार का माना जाएगा।
दिनांक : 05.03.2026

**अनिलराजसिंह सिकरवार,**
**नोटरी एडव्होकेट**
17-जी, मैनाश्री कॉम्प्लेक्स, देवास (म.प्र.)
70003-51010, 90395-53317

**Presiding Officer : राघवेन्द्रसिंह चौहान**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(आर.सी.ए./000013/2024)

सुगनबाई पति मदनलाल-आदि. ............अपीलार्थीगण
विरूद्ध
सजनसिंह पिता मुकुन्दसिंह ......................प्रत्यर्थीगण
पेशी दिनांक :- 11.03.2026

प्रेषिती-1. मृत वारिसान नियामत खां वारिसान:- इकवाल पिता नियामत खां, निवासी रसूलपुर जबरन कालोनी नई आबादी देवास म.प्र. 2. मुबारिक खां पिता छोटे खां, निवासी नौसराबाद कालोनी देवास जिला देवास म.प्र. 3. श्रीमती सादीरा बाई पुत्री छोटे खां पति वहिद खां निवासी ग्राम चापडा तहसील बागली जिला देवास म.प्र. 4. श्रीमती नसीम बाई पुत्री छोटे खां पति अलाउद्दीन निवासी नौशराबाद कालोनी देवास जिला देवास म.प्र. 5. श्रीमती मुंशी बाई पुत्री छोटे खां पति सलीम खां निवासी चुडी बाखल देवास जिला देवास म.प्र. 6. नवाब खां पिता काले खां निवासी हाथीथान सोनकच्छ जिला देवास म.प्र.

यह कि अपीलार्थी सुगनबाई पति स्वर्गीय मदनलाल ने आपके विरूद्ध अपील आदेश 41 नियम 1 सी.पी.सी. के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस अपील में संबंधित सभी सादवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेजो की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 02 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**(राघवेन्द्र सिंह चौहान)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**सोनकच्छ, जिला देवास (म.प्र.)**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।